SALCO
South Asian Legal Clinic of Ontario

# परमानेंट रेज़िडेंस के लिए ह्मैनिटेरीअन ऐन्ड कम्पैशनेट (H&C) एप्लीकेशन

## एच ऐन्ड सी (H&C) एप्लीकेशन क्या है?

एक एच ऐन्ड सी एप्लीकेशन (Maanviya avam anukampa aadharit aavedan) एक असाधारण उपाय है जो किसी को ह्मैनिटेरीअन और कम्पैशन संबंधी कारणों के आधार पर कैनेडा के अंदर से परमानेंट रेज़िडेंस (PR) के लिए आवेदन करने की अनुमति देता है।

आम तौर पर, इमीग्रेशन कानून कहता है कि आपको कैनेडा के बाहर से PR के लिए आवेदन करना होगा, जब तक कि आप ऐसी किसी आवेदन स्ट्रीम में से एक के लिए पात्र नहीं हैं जो आपको भीतर से आवेदन करने की अनुमति देती है। असाधारण मामलों में, यदि आपके पास अस्थायी या कोई स्थिति(status) नहीं है, कैनेडा के अंदर से PR प्राप्त करने का कोई अन्य तरीका नहीं है, और यदि आपको आवेदन करने के लिए अपने गृह देश वापस जाना पड़ता है, तो आप कठिनाई का सामना करेंगे, आप एच ऐन्ड सी एप्लीकेशन के माध्यम से PR प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं।

नोट: सिर्फ इसलिए कि आप स्थिति(status) से बाहर होने के दौरान एच ऐन्ड सी के लिए आवेदन कर सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप कैनेडा में रह सकते हैं, जबकि आपका एच ऐन्ड सी प्रासैस हो रहा है। आपको अभी भी कैनेडा से हटाया जा सकता है, लेकिन आपका आवेदन स्वीकृत हो जाने पर आप वापस लौटने में सक्षम हो सकते हैं।

## कौन आवेदन कर सकता है?

**आप ह्मैनिटेरीअन और कम्पैशन संबंधी कारणों के आधार पर परमानेंट रेज़िडेंस के लिए आवेदन कर सकते हैं यदि आप:**

- कैनेडा में रह रहे हैं और स्थायी निवासी या नागरिक नहीं हैं
- आपको कैनेडा के अंदर से स्थायी निवास के लिए आवेदन करने में सक्षम होने के लिए इमीग्रेशन कानून की सामान्य आवश्यकताओं से छूट की आवश्यकता है
- निम्नलिखित कार्यक्रमों के माध्यम से कैनेडा के अंदर से स्थायी निवास के लिए आवेदन करने में असमर्थ हैं:

o स्पाउज़ (पति या पत्नी) या कॉमन-लॉ पार्टनर स्पान्सर्शिप;
o केयरगिवर कार्यक्रम
o रेफ्युजीज़;
o टेम्परेरी रेज़िडेंट परमिट (TRP)
o इकनामिक क्लास उदाहरण स्किल्ड वर्कर, कैनेडियन इक्स्पीरीअन्स क्लास, प्रोविन्शल नामिनी

## एच ऐन्ड सी एप्लीकेशन में कुछ ह्मैनिटेरीअन और कम्पैशन संबंधी कारणों के आधार क्या हैं जिन पर विचार किया जाता है?

एच ऐन्ड सी एप्लीकेशन का आकलन करने में, एक अधिकारी आम तौर पर इस बात पर विचार करेगा कि यदि PR के लिए आवेदन करने के लिए आपको अपने गृह देश वापस जाना हो तो आपको कितनी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा और कैनेडा में आप कितने स्थापित हैं।

### सामान्य कारक जिन पर विचार किया जाता है:

• आप कैनेडा में कितने स्थापित हो गए हैं उदाहरण नौकरी करना, कैनेडा में शिक्षा प्राप्त करना, घर होना, समुदाय का हिस्सा होना, कई वर्षों तक कैनेडा में रहना और/या किसी धार्मिक संगठन का सदस्य होना

• कैनेडा के साथ आपके संबंध- कैनेडा में बच्चा, परिवार और/या दोस्त होना

• कोई भी प्रभावित बच्चों के सर्वोत्तम हित Best Interest of the Child (BIOC) (यह बहुत सी कई एच ऐन्ड सी एप्लीकेशनों में विचार किए जाने वाला महत्वपूर्ण कारक है)

• मेडीकल स्थितियां और क्या आपके गृह देश में उपचार उपलब्ध है

• पारिवारिक हिंसा/अंतरंग साथी हिंसा/घरेलू दुर्व्यवहार

• किसी रिश्तेदार से आपके अलगाव के परिणाम

• आपके मूल देश की परिस्थितियाँ, जैसे युद्ध, प्राकृतिक आपदाएँ, राजनीतिक अस्थिरता, हिंसा, भेदभाव, बेरोज़गारी। यदि आपने रेफ्युजी दावा किया है और अपने रेफ्युजी दावे में दिए गए तर्कों में असफल हो गए हैं, तो आपकी एच ऐन्ड सी एप्लीकेशन में एक इमीग्रेशन अधिकारी द्वारा उन नुक्तों पर विचार नहीं किया जा सकता है जब तक कि तब से कुछ नया या अलग नहीं हुआ हो।

नोट: यदि आप उत्पीड़न के डर या अपने जीवन को जोखिम के कारण अपने गृह देश वापस नहीं लौट सकते हैं, तो आपको एच ऐन्ड सी आधारों के तहत आवेदन करने के बजाय रेफ्युजी सुरक्षा की मांग करनी चाहिए। यह पता लगाने के लिए कि आपके लिए कौन सा विकल्प बेहतर है, एक वकील से बात करें।

### आप एच ऐन्ड सी के लिए आवेदन नहीं कर सकते हैं यदि:

- आप पहले से ही कैनेडा के स्थायी निवासी या नागरिक हैं
- आपका रेफ्युजी दावा लंबित है
- आपका रेफ्युजी दावा सुनवाई के लिए आगे बढ़ने के योग्य नहीं था और आपका प्री-रिमूवल रिस्क असेस्मेंट (PRRA) आवेदन लंबित है
- आपके रेफ्युजी दावे पर अंतिम निर्णय के बाद 12 महीने नहीं हुए हैं (इसे 12 महीने की रोक (12 month bar) के रूप में जाना जाता है। आप 12 महीने की रोक से अपवाद के लिए आवेदन कर सकते हैं यदि आपका एच ऐन्ड सी मेडीकल कारणों या बच्चे के सर्वोत्तम हितों पर आधारित है)

## आवेदन कैसे करें:

ह्मैनिटेरीअन ऐन्ड कम्पैशनेट (एच ऐन्ड सी) आधारों पर कैनेडा के भीतर परमानेंट रेज़िडेंस के लिए आवेदन करने के लिए आपके लिए ऑनलाइन ऐसा करना अनिवार्य है। आपको निर्देशित किया जाएगा:

- IRCC वेबसाइट पर जनेरिक एप्लीकेशन फॉर्म फॉर कैनेडा (IMM 0008) को पूरा करने के लिए
- अन्य फॉर्मों को पूरा करने के लिए जिनकी IRCC को आवश्यकता है
- IRCC के लिए आवश्यक सभी दस्तावेजों को इकट्ठा करने के लिए (आपको IRCC की वेबसाइट पर एक दस्तावेज़ चेकलिस्ट मिल जाएगी)
- स्पष्ट करने के लिए कि IRCC को आपका आवेदन क्यों स्वीकार करना चाहिए और आपके आवेदन का समर्थन करने वाले प्रमाण शामिल करने के लिए। प्रमाणों में शामिल हो सकते हैं:
    - आपका अपना पत्र या हलफनामा जिसमें आपकी कहानी बताई गई हो
    - कैनेडा में आपके जीवन और संबंधों का दस्तावेजीकरण करने वाली तस्वीरें
    - परिवार, दोस्तों, अपने डॉक्टर और समुदाय के सदस्यों आदि से समर्थन पत्र
    - डॉक्टर की रिपोर्टें
    - आपके देश में स्थितियों के बारे में लेख और समाचार कवरेज जैसे दस्तावेज़
    - फैमिली कोर्ट के दस्तावेज जो आपके बच्चे से संबंधित हैं, और कैनेडा में आपके बच्चे की स्थापना और कैनेडा में रहना उनके सर्वोत्तम हित में क्यों होगा के अन्य प्रमाण

• प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करने के लिए

## आवेदन फीस:

• आपकी आवेदन प्रोसेसिंग फीस
• आपके आवेदन में शामिल अन्य लोगों के लिए आवेदन प्रोसेसिंग फीस (उदाहरण: पति या पत्नी/पार्टनर, "आश्रित" बच्चे - इमीग्रेशन कानून आपको बताएगा कि "आश्रित" बच्चे कौन हैं)
• आपके और आपके आवेदन में शामिल अन्य लोगों के लिए राइट अव परमानेंट रेज़िडेंस फीस (जिसका भुगतान आपके आवेदन करने पर या बाद में किया जा सकता है)

नोट: PR आवेदकों को उनके आवेदन पर कार्रवाई के लिए आवेदन फीस का भुगतान करना होगा। यदि आप आवेदन करते समय आवेदन फीस का भुगतान नहीं करते हैं, तो आपका आवेदन वापस किए जाने की संभावना है। जब आप आवेदन करते हैं या बाद में, IRCC द्वारा अनुरोध किए जाने पर आप राइट अव परमानेंट रेज़िडेंस फीस का भुगतान कर सकते हैं।

## क्या मैं अन्य इमीग्रेशन एप्लीकेशनों में मानवीय और अनुकंपा तर्कों का उपयोग कर सकता/ती हूं?

आप IRCC से अन्य एप्लीकेशनों, जैसे पति या पत्नी या पार्टनर स्पान्सर्शिप या इकनामिक क्लासों में एच ऐन्ड सी कारकों पर विचार करने के लिए कह सकते हैं । यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कोई कैनेडा आने की मांग कर रहा है जो स्वीकार्य नहीं हो सकता है, उदाहरण के लिए, अगर उनका कोई आपराधिक इतिहास है।